आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 04.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के तहत छत्तीसगढ़ को करीब आठ लाख सैंतालीस हजार आवासों की स्वीकृति मिली।

2— कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब एक जनवरी से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे।

3— रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जल्द शुरू होगी लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा।

4— मौसम विभाग ने कल बस्तर संभाग के एक—दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की।

प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण

प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के तहत छत्तीसगढ़ को करीब आठ लाख सैंतालीस हजार आवासों की स्वीकृति मिली है। इनमें एसईसीसी दो हजार ग्यारह की सूची के अनुसार छह लाख निन्यानवे हजार से अधिक और आवास प्लस सूची के अनुसार एक लाख सैंतालीस हजार छह सौ आवास शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवास की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। साथ ही लाखों परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हो सकेगा।

कर्मचारी भविष्य निधि

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब एक जनवरी से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे अठहत्तर लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन —ईपीएफओ की एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी बैंक शाखा से पेंशन के वितरण से पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

राज्यपाल—शिक्षक सम्मान

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कल दुर्ग जिले के वैशाली नगर भिलाई में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के चौबीस उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक की भूमिका अब सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और समाज की जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना होगा। राज्यपाल ने सम्मान समारोह में सम्मानित सभी शिक्षकों को बधाई दी।

स्वास्थ्य मंत्री—फार्मेसी काउंसिल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की ऑनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजीयन कार्य के ऑनलाइन होने से आवेदकों को अब काउंसिल के चक्कर नहीं लगाने पडेंगे। वर्तमान में राज्य में लगभग तैंतीस हजार तीन सौ फार्मासिस्ट पंजीकृत हैं। ये फार्मासिस्ट रिटेल दवा दुकान, थोक दवा दुकान, दवा निर्माण इकाइयों जैसे कार्यों को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही ये विभिन्न फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

डीकेएस—किडनी ट्रांसप्लांट

राजधानी रायपुर के डीकेएस अस्पताल में लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द शुरू होगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि डीकेएस अस्पताल में पहले ही अत्याधुनिक आईसीयू तैयार किया जा चुका है और लिवर तथा किडनी ट्रांसप्लांट के उपकरणों के लिए छह करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ प्रदेश के मरीजों के साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले मरीजों को भी मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश के छह जिलों में अत्याधुनिक मॉडल अस्पताल भी बनाए जाएंगे, जिनमें सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि अंबेडकर अस्पताल में आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस बनाया जाएगा, जिसमें नये उपकरणों के साथ विशेषज्ञ स्टाफ की तैनाती भी होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के

शासकीय अस्पतालों में नई सेवाओं की संख्या बढ़ाने के साथ ही दूरस्थ परामर्श, अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री–नुआखाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में उत्कल समाज द्वारा आयोजित नुआखाई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ऋषि पंचमी–नुआखाई के दिन उत्कल समाज की बहुलता वाले जिलों में अवकाश की घोषणा की। उन्होंने समाज की मांग पर उत्कल समाज को रायपुर में सामाजिक भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने और बूढ़ी मां मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने उत्कल समाज के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस–प्रेसवार्ता

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राज्य सरकार पर धान की सुरक्षा और रखरखाव समेत कई मुद्दों को लेकर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मिलिंग कराने और उसकी सुरक्षा तथा रखरखाव में राज्य सरकार असफल साबित हुई है, जिससे एक हजार करोड़ रूपये से अधिक का धान बर्बाद हो रहा है। रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉक्टर महंत ने प्रदेश के लगभग सभी जिलों के आंकड़े पेश किए और बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान मुंगेली जिले में हुआ है। यहां के धान खरीदी केन्द्रों में लगभग छब्बीस करोड़ रूपये की लागत का पैंसठ हजार क्विंटल से ज्यादा धान खराब हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को विधानसभा सत्र में उठाएगी और लोकायुक्त में इसकी शिकायत करेगी।

एनआईए–छापा

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने कल नारायणपुर जिले में सीपीआई माओवादी संगठन के सदस्यों और उनके सहयोगियों के कई स्थानों पर तलाशी ली। यह कार्रवाई पिछले साल बीस मार्च को सड़क मार्ग अवरूद्ध करने की घटना के संबंध में की गई है। इस मामले में एनआईए ने कुल पैंतीस लोगों को आरोपी बनाया है। इन लोगों पर माड़ बचाओ मंच से जुड़े होने का संदेह है। यह संगठन माओवादियों का सहयोगी संगठन माना जाता है। कल मंगलवार को एनआईए ने इस संगठन से जुड़े चार संदिग्ध लोगों के नारायणपुर जिले के कस्तूरमेटा, मदाली और मलकल गांव में स्थित ठिकानों पर छापा मारा।

माओवादी–शिनाख्त

दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए सभी नौ माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इनमें माओवादियों के बड़े नेता रणधीर पर पच्चीस लाख रूपये, छह माओवादियों पर पांच–पांच लाख और अन्य दो माओवादियों पर दो–दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। इस तरह इन सभी माओवादियों पर कुल साठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। ये माओवादी डिवीजन सदस्य, दरभा डिवीजन सदस्य, पश्चिम बस्तर, दरभा डिवीजन और पीएलजीए कंपनी सदस्य के रूप में सक्रिय थे।

भिलाई–ठगी

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत व्यक्ति से लगभग एक करोड़ चार लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने अपने आपको सीबीआई का अधिकारी बताकर पीड़ित के बैंक खाते में गड़बड़ी का हवाला दिया। उसने पीड़ित से कहा कि आपका खाता जिस बैंक में है, वहां आपराधिक काम हो रहा है, जिसकी जांच करनी है। इससे पीड़ित व्यक्ति उसके झांसे में आ गया। उसने आरोपी को अपने बैंक खाते की पूरी जानकारी दे दी। इसके बाद आरोपी ने अलग–अलग सात किश्तों में पीड़ित व्यक्ति के खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित व्यक्ति के विदेश में रहने वाले बेटे ने इस मामले की शिकायत भिलाई नगर पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुष्कर्म–एफआईआर

भिलाई के एक निजी स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, इस मामले की विवेचना के लिए एक वरिष्ठ महिला अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। सूत्रों के मुताबिक इस टीम में अलग–अलग जिलों से महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर की अधिकारी सभी महिलाएं होंगी।

**अडाणी फाउंडेशन–शिविर**

रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में अडाणी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में रायपुर के मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल से आए अस्थि रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग और मेडिसीन विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर में ग्राम पंचायत मुरा, मोहरेंगा, बंगोली, खौली डबरी और भाटापारा के चार सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

वहीं, रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड में अडाणी फाउंडेशन द्वारा पशुपालकों के लिए पशु स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश में एक बार फिर मानसून की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, बस्तर संभाग के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

इस बीच, राजधानी रायपुर में आज दोपहर बाद कुछ स्थानों पर तेज बारिश हुई।

**संक्षिप्त समाचार**

– गृहमंत्री विजय शर्मा कल बिलासपुर प्रवास के दौरान बिलासपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

– जगदलपुर में आज बस्तर दशहरा समिति की बैठक हुई। बैठक में सांसद और बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अनेक जनप्रनिधि उपस्थित थे।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत सारंगढ से कल तीस श्रद्धालुओं का दल अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ।

– छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा हिन्दी से अंग्रेजी के अनुवादक के एक पद के लिए अट्ठारह सितंबर को कौशल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। वहीं, वाहन चालक के एक पद के लिए कौशल परीक्षा तेईस सितंबर को होगी।

– नारायणपुर जिले में ओरछा बाजार के पास आज माओवादियों ने आईईडी विस्फोट किया। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, एक पिकअप वाहन को क्षति पहुंची है।

– राजनांदगांव जिले के इंदामरा गांव के पास चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक घायल हो गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>